# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 25.12.2022**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर रायपुर पहुंची–आज रायपुर में एम्स और एनआईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं।**
- **राष्ट्रपति ने आज नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में महतारी वंदन योजना की नौवीं किश्त की राशि सत्तर लाख हितग्राही महिलाओं के खाते में ऑनलाइन अंतरित की–हितग्राही महिलाओं के साथ ही आदिवासी समुदाय के लोगों के साथ संवाद भी किया।**
- **रायपुर दक्षिण उप चुनाव के नामांकन दाखिल करने के आज अंतिम दिन तक छियालीस उम्मीदवारों ने भरे पर्चे।**
- **भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में संगठन चुनाव के लिए चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की।**

**राष्ट्रपति–छत्तीसगढ़–01**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर आज राजधानी रायपुर पहुंची। रायपुर पहुंचने के बाद राष्ट्रपति अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दस विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और उपाधि प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान एम्स के पांच सौ चौदह विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, एम्स रायपुर के अध्यक्ष प्रोफेसर जॉर्ज ए. डिसूजा और एम्स के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक कुमार जिंदल भी उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश के सभी नागरिकों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने के लिए भारत सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। पिछले एक दशक में, देशवासियों को यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज प्रदान करने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सुदूर क्षेत्रों के लोगों के कल्याण के लिए आधुनिकतम प्रौद्योगिकियों का उपयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे वंचित वर्ग की सेवा के कार्य को प्राथमिकता दें। समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि एम्स रायपुर ने छत्तीसगढ़ के साथ–साथ पूरे देश में स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने छत्तीसगढ़, ओडिशा और मध्यप्रदेश के लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने का कार्य किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की है।

**राष्ट्रपति–एनआईटी**

राष्ट्रपति आज दोपहर बाद रायपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी के दीक्षांत समारोह में भी शामिल हुईं। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले ग्यारह विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। इस अवसर पर एक हजार चार सौ से अधिक विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई।

**राष्ट्रपति–पुरखौती मुक्तांगन**

इसके बाद राष्ट्रपति आज शाम नया रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुईं। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन योजना के तहत नौवीं किश्त की राशि को करीब सत्तर लाख हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में ऑनलाइन जारी किया। गौरतलब है कि इस योजना के हितग्राही महिलाओं को हर महीने एक–एक हजार रूपए की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं के साथ ही स्थानीय जनजातीय समुदाय के लोगों के साथ भी चर्चा की। राष्ट्रपति ने पुरखौती मुक्तांगन में निर्मित सरगुजा प्रखंड का भी लोकार्पण किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित थे। राष्ट्रपति अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे और अंतिम दिन कल छब्बीस अक्टूबर को सबसे पहले रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में भगवान जगन्नाथ के दर्शन करेंगी। इसके बाद वे भिलाई में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी और फिर वे नवा रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल हेल्थ साईंस एवं आयुष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। राष्ट्रपति कल शाम नई दिल्ली लौट जाएंगी।

**मुख्य न्यायाधीश–साक्षात्कार**

भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉक्टर डी. वाई. चंद्रचूड़ ने आकाशवाणी समाचार को विशेष भेंटवार्ता दी है। यह साक्षात्कार आज रात साढ़े नौ बजे से प्रसारित किया जाएगा। इसे 100.1 आकाशवाणी गोल्ड और अन्य फ्रीक्वेंसी पर भी सुना जा सकता है।

**नामांकन–दाखिल**

रायपुर नगर दक्षिण उप चुनाव के लिए नामांकन दाखिल करने का आज अंतिम दिन था। आज कुल बाईस उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए। इसे मिलाकर आज अंतिम दिन तक छियालीस उम्मीदवारों ने संतावन नामांकन दाखिल किए हैं। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नामाकंन वापस ले सकेंगे। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने सुनील सोनी को और कांग्रेस ने आकाश शर्मा को इस उपचुनाव के लिए अपना प्रत्याशी बनाया है। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुनील सोनी आज एक रैली के साथ भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर से कलेक्टोरेट पहुंचे और अपना नामांकन दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, उपमुख्यमंत्री अरूण साव और रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी उपस्थित थे।

**भाजपा–संगठन चुनाव**

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने राज्य में संगठन चुनाव के लिए जिला संगठन चुनाव अधिकारियों और सह–अधिकारियों की नियुक्ति कर दी है। यह जानकारी भाजपा के प्रदेश चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख ने दी है। इसी के साथ छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राज्य में पार्टी की मंडल इकाईयों, जिला इकाईयों और प्रदेश इकाईयों के चुनाव होंगे। प्रदेश इकाईयों के चुनाव के बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बताया है कि पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत छब्बीस से अट्ठाईस अक्टूबर तक महिलाओं, थर्ड जेंडर, पुजारियों और अन्य कई क्षेत्र के लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि भाजपा ने केवल छियालीस दिनों में पचास लाख से ज्यादा सदस्य बनाकर प्रदेश में इतिहास रच दिया है।

**बलरामपुर–पुलिस कस्टडी मौत**

बलरामपुर जिले में कथित रूप से पुलिस कस्टडी में एक एनएचएम स्वास्थ्यकर्मी की मौत के बाद तनाव की स्थिति बनी हुई है। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने कल शाम थाने के बाहर हंगामा किया था, जिसमें सरकारी संपत्तियों की तोड़फोड़ और वाहनों पर पथराव जैसी घटनाएं शामिल थीं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने बलरामपुर कोतवाली के थाना प्रभारी प्रमोद रुसिया और आरक्षक अजय यादव को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम संतोषी नगर के रहने वाले के स्वास्थ्य कर्मी गुरुचंद मंडल की पत्नी बीते कुछ दिनों से गायब थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। इसी सिलसिले में पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की जा रही थी। कल गुरू चंद मंडल का शव थाने के शौचालय में फंदे से लटका हुआ मिला। इस बीच, पुलिस आज गुरू चंद मंडल के शव को लेकर उसके गांव पहुंची। गांव में पुलिस को लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ा।

**जवान–आत्महत्या**

बीजापुर जिले के पातरपारा–भैरमगढ़ में तैनात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के हेड कांस्टेबल पवन कुमार ने खुद को सर्विस रायफल से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। यह जवान बटालियन मुख्यालय के टॉवर मोर्चा नंबर–दो में तैनात था। हेड कांस्टेबल पवन कुमार हरियाणा के रेवाड़ी का रहने वाला था।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **साइबर ठगी के तरीके और उनसे बचाव के बारे में राज्य पुलिस में एआईजी तकनीकी सेवाएं कवि गुप्ता** से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल छब्बीस अक्टूबर को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**मौसम**

मौसम विभाग के अनुसार आज सुबह ओड़िशा के तटीय क्षेत्रों से चक्रवात दाना टकराया है। इसके प्रभाव से उत्तर छत्तीसगढ़ के ओड़ीशा से लगे जिलों मे आज रात मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं, कल मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। साथ ही एक दो स्थानों पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>